

# पाठ 10
# कितनी अच्छी बात



कितनी अच्छी बात, सुनो जी
कितनी अच्छी बात।

सदा चाँद, चाँदनी लुटाता,
झरना सबकी प्यास बुझाता।
पेड़ सदा सबको फल देते,
सूरज संग उजाला लाता।
खुद जल कर, देता दीपक-सा,
अंधकार-को मात।



ठीक समय पर मौसम आते,
अपना-अपना रंग जमाते।
लाते जो सौगात साथ में,
बड़े प्यार से सब दे जाते॥
इनके साथ खेलते रहते
देखो जी दिन-रात।

▸ कृष्णा 'शलभ'

## शिक्षण संकेत

- शिक्षक कविता का हाव-भाव एवं लय से आदर्श वाचन करें और सामूहिक वाचन करवाएँ।
- प्रकृति के माध्यम से सेवा भाव एवं सद्व्यवहार जैसे गुणों को समझाएँ।
- इसी प्रकार की अन्य कविता सुनाएँ।

## नए शब्द

**मात**-हराना। **सौगात** – उपहार, तोहफा

## अनुभव विस्तार

### 1 कविता से खोजकर बताइए :

**( क ) सही जोड़ियाँ बनाइए-**

| | | |
|---|---|---|
| ● अच्छी | – | चाँदनी |
| ● चाँद | – | बात |
| ● पेड़ | – | उजाला |
| ● सूरज | – | फल |

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

1. ठीक समय पर ......................आते,
   अपना –अपना रंग................... ।
2. इनके .......................खेलते  रहते।
   देखो जी..................रात।

### 2. अति लघु उत्तरीय प्रश्न-

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक से दो पंक्तियों में दीजिए-**

1. चाँदनी कौन लुटाता  है?
2. फल किससे प्राप्त होते हैं?
3. अंधकार को कौन मात देता है?
4. ठीक समय पर कौन आता है?

## 3. लघु उत्तरीय प्रश्न-

### (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्यों में दीजिए-

1. चाँद और सूरज के महत्व को बतालाइए।
2. दीपक की क्या विशेषताएँ हैं?
3. मौसम की सौगात का क्या तात्पर्य है?



## भाषा की बात

### 1 नीचे दी गई पंक्तियाँ ध्यान से पढ़िए-

सूरज संग उजाला लाता।

खुद जलकर देता दीपक-सा अंधकार को मात

उपरोक्त पंक्तियों में रेखांकित शब्द '**उजाला**' और '**अंधकार**' आए हैं। ये अर्थ की दृष्टि से एक दूसरे के विरोधी हैं। ऐसे ही कुछ शब्द नीचे दिए गए हैं-

| | | |
|---|---|---|
| ज्ञान | - | अज्ञान |
| धनी | - | निर्धन |
| स्वर्ग | - | नर्क |
| एक | - | अनेक |
| गुण | - | दोष |

**जो शब्द अर्थ की दृष्टि से एक-दूसरे के विरोधी होते हैं। उन्हें विलोम शब्द या विपरीतार्थी शब्द कहते हैं।**

### 2 सही जोड़ी बनाइए-

| | |
|---|---|
| जन्म | लाभ |
| स्वंतत्र | मृत्यु |
| हानि | व्यय |
| दिन | परतंत्र |
| आय | रात |

**प्रश्न 2 निम्नलिखित शब्दों के समक्ष वर्तनी शुद्ध कर सही शब्द लिखिए-**

1. मोसम – ..................
2. चांद – ..................
3. आर्शीवाद – ..................
4. सुरज – ..................



## अब करने की बारी

1. आपके गाँव/शहर में कौन–कौन से पेड़ हैं इनकी जानकारी एकत्रित कर सूची बनाइए।
2. गर्मी, सर्दी और वर्षा ऋतु में कौन–कौन से फल आते हैं, माता–पिता/ शिक्षक से जानकारी प्राप्त कर मौसम के अनुसार सूची बनाइए।
3. रात्रि में अंधेरे को भगाने के लिए किन–किन वस्तुओं का उपयोग किया जाता है। समूह में बैठकर चर्चा कीजिए।

**चित्र देखकर पाँच वाक्य लिखिए-**

